मेरठ, गाजियाबाद, लखनऊ एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक

प्रभात

प्रभात प्रकाशन का 72वां साल

स्थापित 1944

सीधी बात-सच्ची बात



# एसएमएस को इन्नोवेशन के लिए प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ। प्रभात**

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में नवाचार की प्रदर्शनी में स्कूल ऑफ मैनजमेंट साइंसेज (एसएमएस) को प्रथम पुरस्कार मिला है। यह प्रदर्शनी 14 से 16 दिसम्बर 2017 तक लगाई गयी थी जिसमे प्रदेश के असंगठित व संगठित क्षेत्रों से आये लगभग 60 प्रोजेक्ट कार्य कर रहे माडल लगाए गए थे। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 15 दिसम्बर 2017 को किया था। एसएमएस लखनऊ को भी इस प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु बुलाया गया था जिसमे महानिदेशक डा0 भरत राज सिंह की देखरेख में बनाए गए चार प्रोजेक्ट- हवा से चलने वाली बाइक का संशोधित माडल, सोलर साइकिल का उन्नत माडल, साइकिल के पावदान से चलने वाली वाशिंग मशीन और भारत सरकार के स्वक्छता अभियान के तहत कुडा व टुकड़े उठाने वाली रोबोटिक मशीन इंस्टिट्यूट के छात्रो द्वारा प्रदर्शित किये गए। राष्ट्रपति द्वारा मेक इन इंडिया में 10.प्रोजेक्ट में पहिचान बनाने वाली एयर.ओ.बाइक की उन्नत माडल को देखकर और विशिष्ट जानकारी प्राप्तकर अति प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा डा0 भरत राज सिंह व छात्र समर्पित वर्मा को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आने के लिए निमंत्रण भेजने का आश्वासन भी दिया। इसके अतिरिक्त सोलर साइकिल जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी है। डा0 भरत राज सिंह व छात्र विवेक मिश्रा द्वारा तैयार की गयी है, पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। राष्ट्रपति ने साइकिल के पावदान से चलने वाली वाशिंग मशीन और भारत सरकार के स्वक्छता अभियान के तहत कुडा व टुकडे उठाने वाली रोबोटिक मशीन जो छात्र अर्जुन कुमार मौर्या व उत्कर्ष कुमार शर्मा तथा डा0 रघुवीर कुमार के देखरेख में तैयार की गयी है, साधुवाद दिया।



**डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विवि में आयोजित प्रदर्शनी में डा. भरत सिंह द्वारा बनाई गयी एयरो बाइक को देखते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं राज्यपाल**

निर्णायक मंडल द्वारा उपरोक्त चारो प्रोजेक्ट्स का भी सभी 60 प्रोजेक्ट्स के साथ आकलन कर एयर-ओ-बाइक की उन्नत माडल जो दुनिया के आविष्कार में पहले से ही सम्मलित है, को प्रथम पुरस्कार से चयन कर 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया। कुलपति आर0 सी0 सोवती व स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के कार्यकारी अधिकारी शरद सिह ने डा0 भरत राज सिह व चारो छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी।